## एक नजर में

### राहुल गांधी के गूंज कार्यक्रम को लाईव सुना

**सारंगपुर 08 अगस्त, सं.** शनिवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के प्रयागराज में आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम का लाइव प्रसारण युवक कांग्रेस के द्वारा सारंगपुर बस स्टैंड पर किया गया. कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह की मौजूदगी में सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता और युवा शामिल हुए. शाम 5 बजे शुरू हुए प्रसारण के दौरान स्क्रीन पर राहुल गांधी को सुनने के लिए बस स्टैंड पर भारी भीड़ जुटी .युवाओं की आवाज अब दबाई नहीं जाएगी, प्रयागराज से उठी हुंकार नई क्रांति लाएगी के नारों से पूरा माहौल गूंज उठा. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह ने कहा कि आज देश का युवा बेरोजगारी, पेपर लीक और महंगाई से त्रस्त है. राहुल गांधी ने प्रयागराज से युवाओं की जो आवाज बुलंद की है, वह आने वाले समय में देश की राजनीति की दिशा तय करेगी.

### मुक्तिधाम में रोपे 111 पौधे

**पड़ाना 08 अगस्त ,सं.** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शनिवार को बरुखेड़ी ग्राम के मुक्तिधाम परिसर में बुथ अध्यक्ष के नेतृत्व में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. पर्यावरण संरक्षण और भावी पीढ़ी को स्वच्छ वातावरण देने के उद्देश्य से यहां फल-फूल के 111 पौधे लगाए गए. कार्यक्रम में भाजपा जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार और मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे. उनके साथ ग्रामीण मंडल महामंत्री जगदीश सिंह राजपूत कार्यकारिणी मंत्री रामचंद्र राजपूत बूथ अध्यक्ष दिनेश विश्वकर्मा पूर्व सरपंच गोपाल सिंह राजपूत हंसराज राजपूत कमलेश सिंघानिया मुकेश जाट कैलाश बैरागी धर्मेंद्र गुर्जर ने श्रमदान कर पौधारोपण किया. इस दौरान आम, अमरूद, नीम, जामुन, गुलमोहर और अशोक के पौधे रोपे गए. जिला मंत्री मनोहर सिंह परमार ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम केवल अभियान नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी कृतज्ञता है. मुक्तिधाम पर पौधे लगाने से इस पवित्र स्थान की गरिमा बढ़ेगी और आने वाले समय में यहां हरियाली और शीतलता मिलेगी .मंडल अध्यक्ष शेखर शर्मा ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सेवा और समर्पण के भाव से समाजहित के कार्यों में हमेशा आगे रहते है. हमारा प्रयास है कि हर गांव, हर गली में हरियाली हो.

### जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार श्री लखनसिहं दांगी की ओर से सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता बंशीलाल पिता सौबगस लोदा निवासी लोधीपुरा के स्वत्व स्वामित्व कृषि भूमि सर्वे नंबर 104/2 किता-01 रकबा 1.518 हैक्टर स्थित ग्राम खरेटिया तहसील ब्यावरा जिला राजगढ को मेरे पक्षकार लखनसिहं पिता जगन्नाथसिहं दांगी निवासी ब्यावरा जिला राजगढ़ को विक्रय करने का लिखित अनुबंध दिनांक 10/08/2020, दिनांक 01/03/2021 व दिनांक 26/06/2024 को सहमतिकर्ता दिनेश पिता हीरालाल लोदा, रामबाबू पिता देवजी लववंशी सहित निष्पादित किया गया था, जिसकी समय अवधि गुजर जाने के बाद भी विक्रेता के द्वारा अनुबंध पत्र का पालन नहीं किया जाकर उपरोक्त वर्णित भूमि का विक्रय पत्र मेरे पक्षकार के पक्ष में निष्पादित नहीं करवाया गया है. विगत वर्ष विक्रेता बंशीलाल लोदा का स्वर्गवास हो जाने से उपरोक्त वर्णित भूमि उनकी वारिसान पत्नि घीसीबाई पति स्व. बंशीलाल लोदा के नामे हस्तांतरित हो गई है. मेरे पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि विक्रेता स्व. बंशीलाल लोधा की पत्नि घीसाबाई के द्वारा सहमतिकर्ता दिनेश लोधा व रामबाबू लववंशी के सहयोग से उपरोक्त वर्णित विक्रयशुदा भूमि को किसी अन्य व्यक्ति संस्था को बाला बाला विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है. सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा घीसीबाई पत्नि स्व. बंशीलाल लोधा से उपरोक्त वर्णित भूमि का सौदा/अंनुबंध/ रहन/गिरवी किया जाता है तो वह प्रारम्भ से ही शून्य और निष्प्रभावी माना जावेगा. और मेरे पक्षकार संबंधित व्यक्ति / संस्था के खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेंगे.

एडवोकेट
जगदीश पुष्पद
ब्यावरा जिला राजगढ म.प्र.

# इलेक्ट्रिक सप्लाई ने रोक रखे हैं रेल के पहिए

## पूर्णता की ओर बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट : इलेक्ट्रिक सप्लाई के लिए टेक्निकल रिपोर्ट के इंतजार में रेल्वे जोन

**अभी भी संशय : जनवरी 27 में मिल सकती है खुशखबरी**
**रामगंजमण्डी-भोपाल रेल्वे लाइन का निरीक्षण करने पहुंचे जीएम**



नवभारत न्यूज

**राजगढ़/ब्यावरा 08 अगस्त, का. पूर्णता की ओर बढ़ने पर भी बहुप्रतीक्षित की श्रेणी में लगातार बनी रहने वाली रामगंजमण्डी-भोपाल रेल्वे परियोजना का संचालन कब होगा यह शायद किसी को सटीक रूप से पता नहीं है. सभी अधिकारी और जनप्रतिनिधि बस कयास लगा रहे है. लेकिन जीएम रेल्वे के शनिवार को हुए निरीक्षण में जो बात सामने आई वह फिर से कयास और आश्वासनों को बलवती कर गई. टाईम टेबल जारी होने के बाद भी रेल्वे स्टेशन का पीएम द्वारा उद्घाटन नहीं करना, ट्रैन का संचालन नहीं होना और स्टेशनों पर पूर्ण स्टाफ तैनात नहीं होने के पीछे का मूल कारण जीएम बातों-बातों में स्पष्ट कर गए.**

बिना बिजली के ट्रैन पहियों पर सरपट भला कैसे दौड़ेगी. इलेक्ट्रिक सप्लाई ने रेल के पहिए रोके रखे है. अब तक जो ट्रैने आई वे ट्रायल के लिए थी. जीएम दिलीप कुमार सिंह ने राजगढ़ स्टेशन पर चर्चा के दौरान कहा कि इलेक्ट्रिक सप्लाई लेकर इश्यू है. टीएसएस रिपोर्ट जल्द तैयार हो रही है. इसके बाद जनवरी-2027 तक खुश खबरी मिल सकती है.

### जनवरी 27 तक अच्छी खबर मिलेगी

राजगढ़ स्टेशन पर चर्चा के दौरान जीएम दिलीप कुमार सिंह ने कहा ट्रैन का परिचालन के लिए जनवरी 27 तक अच्छी खबर मिल सकती है. हालांकि ट्रैन के अंतिम रूप से संचालन के लिए उन्होंने वित्तीय वर्ष के अंत का हवाला दिया. कुल मिलाकर अभी भी सिर्फ अच्छी खबरों, ट्रैन परियोजना के पूर्ण होने की बात की जा रही है. अंतिम रूप से ट्रैन के परिचालन के लिए अभी भी करीब 8 महीने तक इंतजार करना पड़ सकता है. इस मौके पर डीआरएम पंकज त्यागी, मुख्य परियोजना प्रबंधक पंकज स्वाइन, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी/निर्माण एमएस हाशमी, डिप्टी चीफ इंजीनियर गौरव मिश्रा आदि उपस्थित थे.

### ब्यावरा-राजगढ़ के बीच पत्थर और गैस लाईन बनीं चुनौती



राजगढ़ से ब्यावरा के बीच हाईवे को क्रॉस करते हुए रेल्वे लाईन निकलनी है लेकिन यहां काम काफी समय से धीमा चल रहा है. इस पर जीएम ने कहा कि हम वहां विजिट करके आए है. यहां रॉक यानी पथरीली भूमि और गैस पाईप लाईन चुनौती बन रही है. उन्होंने कहा कि अगस्त में इसके डायवर्सन का काम पूर्ण कर लेंगे जिससे की सितम्बर से लाईन को जोड़ने पर काम शुरू हो जाए. **ब्यावरा भोपाल के बीच होगा सीआरएस सर्वे -** जीएम ने कहा कि ब्यावरा से कुरावर के बीच एक ब्लॉक सेक्शन पूरा होना है. इसका सीआरएस सर्वे जल्द करने जा रहे है. कुरावर के 3 ब्लॉक सेक्शन का सीआरएस सर्वे किया जाएगा. उन्होंने कहा कि वित्तीय वर्ष के अंत तक भोपाल तक ट्रैन पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है. इसके अलावा एक बार फिर से दिसम्बर 26 तक राजगढ़ तक ट्रैन के संचालन का दावा किया गया है. उन्होंने कहा कि नवंबर तक बड़े काम पूर्ण कर लिए जाएंगे. इसके बाद छोटे मोट काम निपटाकर जल्द ट्रैन संचालन का प्रयास किया जा रहा है. **नयापुरा के जारी टाईमटेबल पर चुप्पी -** इधर मामले में राजगढ़ स्टेशन पर प्रेस से चर्चा के दौरान जब पूछा गया कि घाटोली से नयापुरा गांव तक बीते दिनों ट्रैन संचालन के लिए टाईम टेबल जारी कर दिया गया था. लेकिन ट्रैन के संचालन और उसके बीच उद्घाटन के कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया. इस पर जीएम दिलीप कुमार सिंह ने स्पष्ट रूप से जवाब ना देते हुए कहा कि यह मेरी जानकारी में नहीं है. इसे देखकर ही कुछ बताया जा सकेगा.

## विहिप की बैठक संपन्न

**राजगढ़ 08 अगस्त, का.** विश्व हिंदू परिषद प्रान्त मध्यभारत की दो दिवसीय प्रान्त बैठक 6,7 अगस्त को अंत्योदय प्रबोधन, राजगढ़ में संपन्न हुई. बैठक में केंद्रीय सह संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे, केंद्रीय मंत्री अजेय कुमार, क्षेत्र संगठन मंत्री राजा राम, पूज्य संत रामानंद शास्त्री, विश्वनाथ आश्रम भांडावत राजगढ़, प्रान्त अध्यक्ष किसन लाल शर्मा, मंचसीन रहे. केंद्रीय बैठक इंद्रप्रस्थ मैं पारित समसामयिक राष्ट्रीय एवं सामाजिक मुद्दों, के प्रस्तावों, स्थापना दिवस, तीन वर्ष में होने वाला हितचिंतक अभियान आदि विषय पर योजना बनाई गई. बैठक में भारतीय समाज की मूल शक्ति परिवार व्यवस्था को सुरक्षित एवं सुदृढ़ बनाने पर बल दिया गया. पूज्य स्वामी लक्ष्मणानंद सरस्वती जी की कंधमाल (ओडिशा) में हुई निर्मम हत्या की जांच हेतु गठित आयोग की रिपोर्ट गायब होने तथा सार्वजनिक न किए जाने पर गहरी चिंता व्यक्त की गई. संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की 650वीं जन्मशती के अवसर पर विशेष वक्तव्य पारित किया गया. परिषद ने कहा कि संत रविदास जी द्वारा दिए गए संदेश आज भी पूरे भारतीय समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं.

## दिग्विजय की पदयात्रा को लेकर कांग्रेस ने ली बैठक

### निजी सचिव सचिन वत्स ने कार्यकर्ताओं के साथ की समीक्षा



नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 08 अगस्त, सं. प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की प्रस्तावित महाकाल मंदिर उज्जैन से अयोध्या पदयात्रा को लेकर सारंगपुर में कांग्रेस संगठन की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई. शनिवार को सारंगपुर ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय में हुई इस बैठक में दिग्विजय सिंह के निजी सचिव सचिन वत्स विशेष रूप से उपस्थित रहे. बैठक में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद हुसैन लोधी सहित बडी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल हुए.**

### यात्रा मार्ग एवं व्यवस्थाओं पर हुई विस्तृत चर्चा

बैठक के दौरान पदयात्रा के मार्ग, पड़ाव, स्थानीय स्तर पर स्वागत एवं कार्यकर्ताओं की सहभागिता को लेकर विस्तार से रणनीति बनाई गई. जारी रूट चार्ट के अनुसार, यह यात्रा श्री महाकाल मंदिर उज्जैन से प्रारंभ होकर तराना, शाजापुर, सारंगपुर, राजगढ, बीनागंज, राघौगढ, आरोन, अशोकनगर और चंदेरी होते हुए ओरछा श्रीरामराजा सरकार तक पहुंचेगी. मध्य प्रदेश के भीतर इस यात्रा की कुल दूरी लगभग 460 किलोमीटर होगी. सारंगपुर क्षेत्र के अंतर्गत यात्रा का प्रवेश एबी रोड होते हुए गोपालपुरा से होगा और शहर के आगर नाका, पुराना बस स्टैंड, पुराना एबी रोड से सारंगपुर बायपास पर पहुंचेंगी, यह से मऊ स्थित गुलावता जोड़ मार्ग से तुकोगंज, घामंदा, चिड़लावनिया, खुजनेर और लिंबोदा होते हुए राजगढ जिले की ओर आगे बढेगी. यात्रा प्रतिदिन 12 से 13 किमी तक दो चरणों में होगी. 1 हजार किमी की इस यात्रा का आरंभ 20 अक्टूबर से उज्जैन में श्रीमहाकांल की पूजा के साथ होगा. निजी सचिव सचिन वत्स ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यात्रा की तैयारियों में सक्रिय भूमिका निभाने और अधिक से अधिक आमजन व कार्यकर्ताओं को जोडने का आह्वान किया. इस मौके पर जिला संगठन महासचिव राधेश्याम सोमतिया, पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी, रामचंद्र नागर, रितेश पाटीदार, बनवारी मालवीय, शहर अध्यक्ष आबिद लोदी, कांग्रेस नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहम्मद अली, प्रदीप जैन, प्रदीप सादानी, पचोर अध्यक्ष अमित बंसल, किसान जिला सचिव कमल सिंह राणा, मोहन पाल, कैलाश राजपूत, लखन राजपूत आदि मौजूद रहे.

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिसकर्मी सम्मानित

**राजगढ़ 08 अगस्त, का.** एसपी अमित तोलानी ने उत्कृष्ट एवं प्रभावी विवेचना के माध्यम से न्यायालय से आरोपियों को दंडित कराने वाले विवेचकों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया. इसके साथ ही विभिन्न कार्यक्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले थाना प्रभारियों को भी अलग-अलग श्रेणियों में प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर उनके उत्कृष्ट कार्य की सराहना की गई.

## हरियाली अमावस्या पर 24 वीं विशाल कांवड़ यात्रा 12 को

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 अगस्त, का.** हर बार की तरह इस बार भी हरियाली अमावस्या पर 12 अगस्त को परंपरागत रूप से नगर में विशाल कावड़ यात्रा निकाली जाएगी. इस कावड़ यात्रा में हमेशा की तरह सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे. इस बार कावड़ यात्रा का 24 वां वर्ष होगा. कावड़ यात्री पचोर रोड पर परसुलिया के समीप समेली स्थित त्रिवेणी संगम स्थल से जल लाकर नगर के श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर विराजित भगवान श्री द्वादश ज्योर्तिलिंगेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे.



फाईल फोटो

अंजनीलाल मंदिर समिति द्वारा कावड़ यात्रियों के लिए मंदिर धाम पर भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है. प्रात 11 बजे से प्रसादी वितरण प्रारंभ होगा. विदित है कि नगर में निकलने वाली कावड़ यात्रा का जगह-जगह धर्मप्रेमी नागरिकों द्वारा पुष्पवर्षा, फल, फलहार के साथ स्वागत किया जाता है. वर्ष 2002 में अंजनीलाल धाम पर द्वादश ज्योर्तिलिंगेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी जिसके बाद वर्ष 2003 से कावड़ यात्रा का भव्य आयोजन शुरु हुआ था जो सतत् रुप से इस हरियाली अमावस्या पर आयोजन का 24 वां वर्ष होगा.

## 9 से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा तिरंगा अभियान

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 08 अगस्त, सं.** भाजपा की जिला कामकाजी बैठक शनिवार को संभाग संगठन प्रभारी तेज बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई. बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर ने की. अतिथि जिला प्रभारी ध्रुव नारायण सिंह, सांसद रोडमल नागर, राज्य मंत्री गौतम टेटवाल , विधायक मोहन शर्मा और किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत पूर्व जिला अध्यक्ष केदार काका, प्रदेश कार्य समिति सदस्य दिलबर यादव, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अंशुल तिवारी ,तिरंगा यात्रा प्रभारी जगदीश नागर, सारंगपुर जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, गुलावता मंडल अध्यक्ष गिरवर भंडारी मंचासीन रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण कर किया गया. जिलाध्यक्ष श्री गुर्जर ने आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी दी. उन्होंने बताया कि 9 से 15 अगस्त तक तिरंगा यात्रा एवं हर घर तिरंगा अभियान चलाया जाएगा.

इस दौरान मंडलों में तिरंगा यात्राएं, शहीद स्मारकों की साफ-सफाई, माल्यार्पण, सैनिक परिवारों का सम्मान तथा 13 से 15 अगस्त तक प्रत्येक घर पर तिरंगा फहराने जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. वहीं संत रविदास जयंती समारोह की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए अधिक से अधिक सहभागिता का आह्वान किया. मुख्य वक्ता संभाग प्रभारी तेज बहादुर सिंह और जिला प्रभारी ध्रुव नारायण सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का जीवन सामाजिक समरसता, समानता और मानवता का प्रेरक संदेश देता है. कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री देवी सिंह सोंधिया ने किया व आभार जिला उपाध्यक्ष मोहन गुप्ता ने माना.

## एसपी ने की अपराध समीक्षा बैठक

**राजगढ़ 08 अगस्त, का.** जिले में अपराध नियंत्रण, कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने एवं लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से शनिवार को पुलिस कंट्रोल रूम में एसपी द्वारा जिले के समस्त एसडीओपी एवं थाना प्रभारियों की अपराध समीक्षा बैठक अपराधों की वर्तमान स्थिति, लंबित प्रकरणों, गंभीर अपराधों में की जा रही कार्रवाई, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी, चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों के शीघ्र खुलासे, महिला अपराधों की समीक्षा की गई.

## पीएचई कर्मचारियों ने किया श्रमदान, कार्यालय परिसर में सफाई की



**राजगढ़ 08 अगस्त, का.** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के कार्यपालन यंत्री एच.एस. बामनिया के नेतृत्व में विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कार्यालय परिसर के बाहर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया. कर्मचारियों ने परिसर की साफ-सफाई की तथा बगीचे में उगी खरपतवार हटाकर उसे व्यवस्थित किया. उल्लेखनीय है कि विभागीय कर्मचारियों ने पूर्व में अपने स्वयं के सहयोग से कार्यालय परिसर में एक छोटा उद्यान विकसित किया था, जिसकी देखरेख भी नियमित रूप से की जा रही है. श्रमदान के दौरान गिरराज शर्मा, देवी सिंह सोलंकी, ब्रजेश नोरिया, जगदीश सेन, कपिल जाटव, जितेंद्र मेघवाल, देवनारायण विश्वकर्मा, दीपक मेवाड़े, बीरम परसोनिया, एमएस गुप्ता, बीरम पंवार, दिनेश जाट, पलक शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे. कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देश पर टीबी मरीजों को कार्यपालन यंत्री एच.एस. बामनिया, एसडीओ देवेंद्र सिंह गोंड़ ने अस्पताल में फूड बास्केट वितरित की.



## अभिभाषक संघ जीरापुर के चुनाव में रोमांचक मुकाबला

### बराबर के मत : अग्रवाल पहले और दूसरे वर्ष मंडलोई होंगे अध्यक्ष

नवभारत न्यूज

**जीरापुर 08 अगस्त, सं. स्थानीय अभिभाषक संघ के चुनाव तेज सरगर्मियों के मध्य निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई.जहां पर निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट धर्मेंद्र तिवारी ने चुनाव में अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया.**

चुनाव को अध्यक्ष पद ने रोमांचक बना दिया. अध्यक्ष पद के दोनों दावेदार गोपाल कृष्ण अग्रवाल एवं लक्ष्मी नारायण मंडलोई के बीच मुकाबला हुआ और बराबर मत प्राप्त होने से आपसी सहमति एवं निर्वाचन प्रक्रिया के अनुसार दोनों के लिए एक-एक वर्ष का कार्यकाल निर्धारित किया गया. जिसमें पहले वर्ष गोपाल कृष्ण अग्रवाल , दूसरे वर्ष लक्ष्मी नारायण मंडलोई अभिभाषक संघ जीरापुर के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालेंगे. जगदीश टेलर सचिव पद पर निर्विरोध चुने. समस्त अधिवक्ताओं ने सभी को बधाई दी. उपाध्यक्ष श्रीमती उर्मिला देवी भावसार ,सह-सचिव-मुरली मेरोठा, पुस्तकालय प्रभारी - विष्णु गुर्जर को नियुक्त किया गया. नवनिर्वाचित समस्त पदाधिकारियों ने कहा कि संघ की एकता, अधिवक्ताओं के हितों, सम्मान एवं न्यायिक व्यवस्था से जुड़े विषयों को प्राथमिकता देते हुए सभी को साथ लेकर कार्य किया जाएगा.

### जनसंवाद एवं जागरुकता पर रहा विशेष फोकस

**राजगढ़ 08 अगस्त, का.** मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान अंतर्गत आज एसपी अमित तोलानी के निर्देशन में राजगढ़ जिले के समस्त थाना क्षेत्रों में जनविश्वास शिविरों का आयोजन किया गया. शिविरों में आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया तथा उनके त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए. शिविरों के दौरान सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई से संबंधित शिकायतों की समीक्षा की गई.


**समीक्षा** ▶ सरकारी शिक्षकों द्वारा निजी कोचिंग संचालन की शिकायतों को गंभीरता से लेने के निर्देश

# ब्यावरा विस को हर हाल में अव्वल बनाना होगा : पंवार

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 08 अगस्त, का. प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास विभाग नारायण सिंह पंवार की अध्यक्षता में ब्यावरा विधानसभा की अनुभाग स्तरीय विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित हुई.**

बैठक में शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने विद्यालयों के परीक्षा परिणामों को लेकर चिंता व्यक्त की और शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए. उन्होंने अधिकारियों से कहा कि विद्यालयों की रेंडम चेकिंग की जाए और शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति तथा पढ़ाई के स्तर की लगातार निगरानी की जाए. उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उनके शैक्षणिक स्तर को सुधारने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा. साथ ही सरकारी शिक्षकों द्वारा निजी कोचिंग संचालित किए जाने की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए ऐसे मामलों में नियमानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए.बैठक के अंत में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने अधिकारियों से कहा कि ब्यावरा विधानसभा को उत्कृष्ट बनाना हम सभी की जिम्मेदारी है. हमारे पास उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए क्षेत्र की जनता की सेवा करना हमारा कर्तव्य है. बैठक में राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन, विभागीय गतिविधियों तथा आमजन से जुड़े विषयों की विस्तृत समीक्षा की. उन्होंने अधिकारियों से योजनाओं की जमीनी स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और कहा कि ब्यावरा विधानसभा को उत्कृष्ट एवं पूरे प्रदेश में अव्वल बनाने के लिए सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करना होगा. उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो तथा सभी कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं.




**कुपोषित बच्चों पर विशेष ध्यान दे स्वास्थ्य विभाग-** स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने क्षेत्र में कुपोषित बच्चों की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर कुपोषित बच्चे की नियमित निगरानी एवं समुचित देखभाल सुनिश्चित की जाए. उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी सुविधाओं से वंचित नहीं रहना चाहिए.

### घुरैल पहाड़ी को हरा-भरा बनाने पर विशेष जोर

वन विभाग की समीक्षा करते हुए राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार) श्री पंवार ने क्षेत्र में हो रहे पौधारोपण की स्थिति की जानकारी ली और निर्देश दिए कि लगाए गए पौधों की देखभाल एवं संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जाए. उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों के जीवित रहने और उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी सुनिश्चित की जाए. नगर पालिका ब्यावरा एवं नगर परिषद सुठालिया की समीक्षा के दौरान राज्यमंत्री श्री पंवार ने अधिकारियों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता, स्वच्छता व्यवस्था एवं यातायात प्रबंधन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए.